तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तेंदूकोना में 6 जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह 11



शहर में नपाध्यक्ष ने किया शोभायात्रा का स्वागत 11



## खबर संक्षेप

### साक्ष्यों के अभाव में बरी हुआ सट्टा मामले का आरोपी

**महासमुंद।** सट्टा खिलाने के आरोप में पकड़े गए तीन आरोपियों मनहरण ध्रुव, छन्नू सिंह और जगदीश यादव को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अदालत में पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 27 फरवरी 2024 को मुखबिर की सूचना पर इमलीभाठा चौक के पास छापेमारी कर इन आरोपियों को पकड़ा गया था। पुलिस ने दावा किया था कि उनके पास से सट्टा पट्टी, डॉट पेन, तीन मोबाइल और 8,150 नगद बरामद किए गए थे। इस आधार पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जब्ती की कार्रवाई के समय मौजूद स्वतंत्र गवाहों ने पुलिस की कहानी का समर्थन नहीं किया। गवाहों ने बयान दिया कि उनके सामने कोई सट्टा पट्टी या नगद राशि जब्त नहीं की गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल बरामदगी से दोष सिद्ध नहीं होता, जब तक स्वतंत्र गवाह इसकी पुष्टि न करें। तीनों आरोपियों को बरी करने के साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि जब्त की गई 8,150 की राशि को अपील अवधि बीतने के बाद शासन के पक्ष में राजसात कर लिया जाए।

### नयापारा शिव मंदिर चौक में रामलीला, उमड़े श्रद्धालु

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित शिव मंदिर चौक में रात साढ़े 7 से साढ़े 10 बजे तक लोग रामलीला का आनंद ले रहे हैं। पहले दिन 14 अप्रैल को श्री राम जन्म,मुनि आगमन, ताड़का वध, 15 को मारीच, सुबाहु वध अहिल्या उद्धार, 16 को धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, जनक विलाप, 17 को परशुराम-लक्ष्मण संवाद, सीता राम विवाह, 18 को सूर्पणखां नाक छेदन, सीता हरण, राम विलाप, 19 को शबरी श्री राम भेंट, श्री राम-सुग्रीव मित्रता, बालि वध की कथा सुनाई गई। वहीं 20 अप्रैल लक्ष्मण शक्ति, 21 को मेघनाथ, कुंभकर्ण वध एवं अंतिम दिवस 22 अप्रैल को रावण वध, श्री राम राज्याभिषेक, चढ़ौत्री एवं महाप्रसाद का कार्यक्रम होगा। आयोजक पंडित रोहिणी प्रसाद उपाध्याय एवं श्री राम प्रभु उपाध्याय ने कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस ने जब्त किया 23 लाख रुपए से ज्यादा का गांजा, दो नाबालिग सहित 5 लोग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कालाहांडी से मुंगेली जिले में गांजा खपाने की जा रही थी तस्करी

ओडिशा के कालाहांडी से गांजा लेकर मुंगेली जिला में खपाने की फिराक में तस्करी कर रहे लोगों में 2 नाबालिग भी पुलिस भी पुलिस गिरफ्त में हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे लोगों पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 23 लाख 65 हजार रुपए का करीब 47 किलो गांजा बरामद किया गया।

रविवार को मुखबिर से सूचना मिली सूचना पर पुलिस ने एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यू एस 4806 में को रोका। खबर मिली थी कि चार लोग अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर नाकाबंदी की गई और कुछ देर बाद पहुंची उक्त वाहन को रोककर उसमें बैठे लोगों से पूछताछ की गई। ट्रक चालक अपना नाम मोहम्मद मिराज पिता रहमत अली (25 साल) निवासी वार्ड नं. 13 देवनपड़ा टिटलागढ थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा एवं चालक के बगल सीट में बैठे दो विधि से संघर्षरत बालक एवं ट्रक के कैबिन में




बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रोहित पोंड पिता नीलांचल पोंड (21 साल) निवासी वार्ड नं. 07 जगन्नाथपड़ा टिटलागढ़ थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा का रहने वाला बताए। ट्रक की तलाशी लेने के पर तीन सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ, जिसका वजन कुल 47.300 किलोग्राम कीमत 23,65,000 रुपए को बरामद किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से ट्रक कीमत 30 लाख, कार पांच लाख, चार मोबाइल 41 हजार, नगदी रकम 45 हजार कुल 59,51,000 रुपए को बरामद किया गया।

मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी परिवहनकर्ताओं ने उक्त गांजे की खेप को डेस्टिनेशन पॉइंट्स मुंगेली निवासी आरोपी दीपक साहू निवासी सरगांव थाना सरगांव जिला मुंगेली को डिलीवरी होना बताये, जिसके आधार पर मुंगेली निवासी आरोपी दीपक साहू को गांजा मंगवाने, प्रकरण में संलिप्त होना पाए जाने से 03 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

मामले को लेकर एडीशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला पुलिस लगातार वाहन चेकिंग भी की जा रही है।

## अव्यवस्था : सप्ताहभर से देशी शराब की सप्लाई बाधित

# शराब दुकानों में स्टाक नहीं मदिराप्रेमियों में बढ़ी बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जिले में अब प्लास्टिकयुक्त बोतलों में शराब बेचने की है तैयारी
- देशी शराब दुकानों के शटर गिरे, अंगेजी दुकानों में ओवररेट में शराब को बेचने की शिकायत

प्लास्टिक बोतलों में सप्लाई की नीति तो तय हुई लेकिन व्यवस्था तय नहीं होने के कारण जिले भर की शराब खासकर देशी शराब दुकानों में स्टॉक खत्म हो चुका है। सप्ताहभर से इस स्थिति के चलते मदिरा प्रेमियों में बेचैनी है। वहीं देशी शराब नही मिलने के कारण इसका सीधा लोड अंग्रेजी शराब दुकानों में देखने को मिल रहा है।

इस मौके का फायदा भी जमकर उठाया जा रहा है। सितली नाला के अंग्रेजी शराब दुकान में खुलेआम 20 से 25 रुपए का ओवररेट लगाकर शराब बेची जा रही है और सुरा प्रेमियों को लूटा जा रहा है। कम दाम में मिलने की वजह देशी शराब की बिक्री भी अधिक है। वहीं इसके शौकीन भी।






### इसलिए हो रही किल्लत

बता दें कि प्रदेश में 1 अप्रैल 2026 से नई आबकारी नीति के तहत सरकारी शराब दुकानों में कांच के बजाय प्लास्टिक बोतलों में देशी और सस्ती शराब बेची जा रही है। इस बदलाव मुख्य उद्देश्य परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान को कम करना, लागत घटाना और बोतलों को टूटने से बचाना है।

देशी शराब नहीं मिलने के कारण अब ऊंचे दामों में ब्रांडेड अंग्रेजी शराब लेने विवश हैं। क्योंकि, यहां भी सस्ती अंग्रेजी शराब नहीं है। अधिकारियों की शह पर यहां कार्यरत कर्मचारी लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए ओवररेट में अंग्रेजी शराब बेच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते सप्ताहभर से जिले के शराब दुकानों में सप्ताई नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। शराब नहीं मिलने से ज्यादा बेचैनी देशी मदिरा प्रेमियों में बढ़ी है। कम दाम व सीमित शराब मिलने की वजह से इसकी डिमांड भी अधिक है। भीड़ भी देशी दुकानों में अधिक लगती है। लेकिन, इन दिनों यहां सन्नाटा पसर गई है। वहीं अंग्रेज शराब दुकान खुल रही है। जहां कुछ ही ब्रांडेड शराब ही है। क्योंकि, यहां सस्ती शराब भी खत्म हो गई। कम बजट वाले शराब प्रेमियों के लिए मजबूरी बन गई है। जहां उपभोक्ता शराब ले तो रहे है, लेकिन यहां कर्मचारियों द्वारा ओवररेट में बिना स्कैन किए ही अंग्रेजी शराम थमा रहे हैं।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी दीपक ठाकुर ने कहा है कि यह काफी गंभीर विषय है। सप्लाई नहीं होने के चलते परेशानी बढ़ी है। ओवररेट की शिकायत पर जांच कराई जाएगी। और दोषियों को बख्शा नही जाएगा, कार्रवाई होगी।

### प्लास्टिक बोतलों में मिलेगी शराब

बताया जा रहा है कि शराब दुकानों में कांच के बदले प्लास्टिक बोतले में शराब बेचने की तैयारी है। इसी परिवर्तन के चलते जिले के शराब दुकानों में किल्लत की स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा आगमी कुछ दिनों में हालात सुधार जाएंगे। जल्द ही मदिरा प्रेमियों को प्लास्टिक बोतल में देशी व सस्ती शराब उपलब्ध कराई जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर्व पर बच्चों ने रचाया गुड्डे गुड़ियों का ब्याह, निभाई सभी रस्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- बाजे-गाजे के साथ बारात का स्वागत, बारातियों के लिए की गई थी भोजन की व्यवस्था
- दो दिन अक्षय तृतीया का पर्व होने से बाजार रहा गुलजार, खेती-किसानी की भी हुई शुरुआत

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया (अक्ती) पर्व पर मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया यानी पुतरा-पुतरी का ब्याह रचाया गया। जहां विवाह की सभी रस्में निभाई गई। बाजे-गाजे के साथ बारात स्वागत किया। वहीं बारातियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। पर्व लेकर बच्चों व बड़े में भी उत्साह का माहौल रहा है। इस वर्ष दो दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया।



इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने गुड्डा-गुड़ियों को सजाकर, उन्हें मौर-मुकुट पहनाकर और हल्दी-तेल की रस्म निभाकर विवाह कराया। गांवों में बच्चों ने मंडप सजाया, बारात निकाली और गाजे-बाजे के साथ पूरी शादी की रस्मों को निभाया। इस आयोजन में घर के बड़े सदस्य भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। बच्चों ने न केवल विवाह की रस्में निभाईं, बल्कि आसपास के लोगों को आमंत्रित कर भोजन की व्यवस्था भी की।

### गुड्डा-गुड़िया की लगी दुकानें

अक्ती पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। शहर के गोल बाजार में गुड्डा-गड़ियों की दुकानों में भीड़ रही। जहां बच्चे अपने मनपसंद की गुड्डा-गुडिया खरीदते रहे। मिट्टी के सुंदर गुड्डा-गुड़िया, मोर, मटका और रंग-बिरंगी चुनरियों की दुकानें सजाई गई थी।

### दो दिन की रही अक्षय तृतीया

जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व दो दिन मनाया गया। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजकर 49 मिनट पर हुआ। समापन 20 अप्रैल 2026 को प्रातः 7 बजकर 27 मिनट पर हुआ। इन दोनों दिवस अक्षय तृतीया का पर्व मनाया। गांवों में ज्यादाजार 20 अप्रैल सोमवार को ही यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### खेती-किसानी की हुई शुरुआत

अक्षय तृतीया पर्व के साथ ही किसानों का नवा बछर (नया साल) की शुरूआत होती है। किसान खेती की तैयारी में जुट गए है। सबसे पहले गांव के देवी-देवताओं में धान, महुआ फूल अर्पित कर अच्छी फसल की कामना की गई। बाद किसान अपने खेतों में धान बीज का छिड़काव किया।

### खरोरा में बच्चों ने मंडप सजाकर गुड्डे-गुड़ियों का रचाया विवाह

शहर लगे ग्राम खरोरा में अक्षय तृतीया पर बच्चों ने मंडप बनाकर गुड्डे-गुड़यों का विवाह रचाया। बच्चों ने अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी के लिए सुंदर मंडप बनाया। बकायदा टिकावन कार्यक्रम भी हुआ। जहां बच्चों के पालक भी टिकावन में शामिल हुए। बच्चों ने इसके एक दिन पहले शनिवार को देवतला व चिकट का आयोजन किया। रविवार को सुबह के समय हल्दी की रस्म कर बाजा के धुन पर बालिकाओं ने जमकर मंडप में नृत्य किया। दोपहर 3 बजे बारात निकाली गई। बारात में शामिल लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# भाजपा पहले ही चाहती थी महिला बिल पारित न हो : द्वारिकाधीश

## विभिन्न राज्यों में चल रहे चुनाव के दौरान कांग्रेस की छवि खराब कर लाभ लेने रची साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

परिसीमन और जनगणना को जोड़कर प्रस्तुत किया गया बिल भाजपा की सोची समझी चाल और विपक्ष की छबि को देश के सामने धूमिल करने का प्रयास है। पहले तो बिल पेश होने से पहले श्रेय लेना चाहा फिर बिल पारित न हो पाने का जिम्मेदार बताकर भाजपा द्वारा विभिन्न राज्यों में चल रहे चुनाव के बीच कांग्रेस की स्थिति को खराब करने के लिए रचा गया षड्यंत्र है।

उक्त बातें पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस भवन में खल्लारी विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कही। उन्होंने बताया कि देश में महिला आरक्षण को लेकर सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि दरअसल, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के नाम से चर्चित 106वां संविधान संशोधन विधेयक वर्ष 2023 में संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति मिलने के साथ ही यह कानून का रूप भी ले चुका है। हाल ही में 16 अप्रैल को संसद में प्रस्तुत 131वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर भी विवाद गहराया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिला आरक्षण से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेशों के कानूनों में संशोधन का प्रयास किया जा रहा था। भाजपा जनता के बीच भ्रम फैला रही है। संसद में जो विधेयक गिरा वह लोकसभा परिसीमन की सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था, जिसमें 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए निर्धारित की जानी थीं। साथ ही परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई थी। विपक्षी दलों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब 2026-27 की नई जनगणना प्रस्तावित है और जातिगत जनगणना की चर्चा भी चल रही है, तो पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन करना तर्कसंगत नहीं है। यदि महिला आरक्षण को तत्काल लागू करना ही उद्देश्य है, तो फिर वर्तमान सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया जा सकता जिसके लिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल तैयार है। द्वारिकाधीश ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे को आगे रखकर अपने अनुकूल परिसीमन कराने की रणनीति पर काम कर रही थी, जिसे विपक्ष की एकजुटता के कारण सफलता नहीं मिल सकी।





### कांग्रेस महिला आरक्षण की समर्थक

विधायक द्वारिकाधीश ने कहा कि इतिहास पर नजर डालें तो पंचायतों और नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिलाने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1989 में की थी। हालांकि वह विधेयक उस समय राज्यसभा में पारित नहीं हो सका था। बाद 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व में यह व्यवस्था लागू हुई, जिससे आज देशभर में लाखों महिलाएं स्थानीय शासन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा, संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लिए 2010 में भी प्रयास हुए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था।

### यह रहे पत्रकार वार्ता में मौजूद

पत्रकारवार्ता में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, ब्लाक शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, खिलावन साहू, पूर्व नपाध्यक्ष राशि महिलांग, सेवादल जिलाध्यक्ष नीतेंद्र बनर्जी, सोनम रामटेके, शामिल थे।

### बजरंग दल ने किया पुतला दहन



**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा सोमवार को स्थानीय नेहरु चौक में टीसीएस नासिक में धर्मांतरण के मुद्दे जैसे हिंदू महिलाओं का शोषण, देवी-देवताओं का अपमान सहित कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। पश्चात बजरंगियों ने राष्ट्रति के नाम तहसीलदार जुगल किशोर पटेल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के देवेंद्र दुबे, प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी मोहंती, बजरंग दल जिला संयोजक गितेश पांडा, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, मनीष चंद्राकर, कौशलेंद्र चंद्राकर, सुरेंद्र महाराज, राहिल गुप्ता, अश्वनी शर्मा, रामेश्वर गोलू साहू, आनंद साहू, सुमन सेंद्रे, कान्हा प्रधान, शिवराज चंद्राकर, राहुल गुप्ता, गुरु बच्चन सिंह इच्छाप्राणी, गोलू साहू, दिनेश सोनी, गुड्डा सिन्हा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।






**खबर संक्षेप**

### अटल घोषणा पत्र के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करें मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा नगर निगमों की समीक्षा किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्रीजी को सबसे पहले नगर निगम के लिए भाजपा द्वारा जारी अटल घोषणा पत्र के क्रियान्वयन की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में वादा किया गया था, महिलाओं को संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, पुराना बकाया एक साथ भुगतान करने पर संपूर्ण ब्याज माफ किया जाएगा, लेकिन इस दिशा में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी जोन में नक्शा पास करने को लेकर बेहद लूट मची हुई है। आम आदमी नक्शा पास करने के लिए बड़ा चढ़ावा चढ़ाने के लिए मजबूर हो रहा है, अन्यथा महीनों तक नक्शा पास करने के लिए लोगों को घुमाया जा रहा है। गर्मी प्रारंभ होते ही पेयजल की विकट समस्या प्रारंभ हो चुकी है, जल जीवन मिशन के काम अधूरे होने के कारण लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। शहर की अनेक वैध कॉलोनियों में संपत्ति कर सहित अन्य करों के भुगतान के बावजूद मांगने पर भी पेयजल की व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंत्री को इस संदर्भ में भी समीक्षा करनी चाहिए।

### स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को दिए 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कॉर्ट'

**रायपुर।** महिला सशक्तिकरण को राज्य के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार, समाज और पूरा राज्य मजबूत होता है। उन्होंने अपने निवास नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कॉर्ट' वितरण कार्यक्रम में कहा, राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न स्वसहायता समूहों की महिलाओं को 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट' वितरित किए। इस अवसर पर शैलेंद्र कुर्रे, डिगेश्वरी निषाद, अनिता ताण्डी, सुमन वर्मा, दीपाली राजपूत, दीपा सोनी, कामिनी बोथरा, सुभद्रा निर्मलकर, गीता साहू एवं प्रीति साहू सहित कई हितग्राही उपस्थित रहीं। मंत्री ने बताया कि 'मिलेट्स कॉर्ट' अभियान महिलाओं के लिए स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। कांकेर जिला के नरहरपुर ग्राम की लोकेश्वरी रसिया और अन्य महिलाएं प्रतिदिन 2 से 3 हजार रुपए तक तथा प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं।

### एलपीजी सिलिंडर के बाद अब पेट्रोल पंपों में लग रही कतार...



**महासमुंद।** बीते दिनों लोग एलपीजी सिलिंडर के लिए गैस एजेंसियों के सामने लाइन लगाते हुए नजर आ रहे थे। वहीं अब नगर के पेट्रोल पंप में भी वाहन चालकों की लंबी कतार देखी जा रही है। रविवार को यहां के कई पंपों में फ्यूल खत्म हो गया, जिसके चलते जिन पंपों में पेट्रोल-डीजल मिल रहे थे, वहां लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। सोमवार को भी यही स्थिति रही। फोटो दिखाई दे रही लोगों की लाइन नगर के पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप की है।

# तहसीलदार और नायब तहसीलदार के तबादले

**महासमुंद।** जिले में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन और राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार स्तर पर महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। यह आदेश प्रेरणा सिंह तहसीलदार के संतान पालन अवकाश उपभोग पश्चात पुनः कार्यभार ग्रहण करने के बाद जारी किया गया है। आदेश छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पूर्व निर्देशों के अनुरूप प्रशासकीय दृष्टिकोण से जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रेरणा सिंह तहसीलदार को अतिरिक्त तहसीलदार पिथौरा के साथ-साथ तहसीलदार बागबाहरा का प्रभार सौंपा गया है। वहीं नितिन ठाकुर तहसीलदार, जो अब तक बागबाहरा में पदस्थ थे, उन्हें अतिरिक्त तहसीलदार पटेवा से संलग्न कर कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा महासमुंद में पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में मनीषा देवांगन को पिथौरा से स्थानांतरित कर तहसीलदार कोमाखान बनाया गया है। मोहित कुमार अमिला नायब तहसीलदार, जो महासमुंद एवं उप तहसील तुमगांव का अतिरिक्त प्रभार देख रहे थे, उन्हें प्रभारी तहसीलदार पिथौरा का दायित्व दिया गया है। हरिशकांत ध्रुव नायब तहसीलदार को प्रभारी तहसीलदार कोमाखान के साथ-साथ नायब तहसीलदार महासमुंद एवं अतिरिक्त प्रभार उप तहसील तुमगांव का कार्य सौंपा गया है। प्रकृति सिंह नायब तहसीलदार बसना को उप तहसील पिरदा (पिथौरा) का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा ललित सिंह नायब तहसीलदार, जो उप तहसील पिरदा (पिथौरा) में पदस्थ हैं, उन्हें नायब तहसीलदार उप तहसील भंवरपुर (बसना) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशासनिक हल्कों में इस फेरबदल को राजस्व कार्यों में तेजी, बेहतर समन्वय और जनता को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नए प्रभार मिलने के बाद अब कार्यप्रणाली में और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# किसानों ने किया देवी-देवताओं को धान व महुआ फूल अर्पित

## किसानों ने की अच्छी फसल की कामना, अक्ती पर खरीफ फसल की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

- सुबह से ही किसान धान लेकर गांव के ठाकुर देवालय में पहुंचते रहे

ग्राम अरंड क्षेत्र में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। श्रेष्ठ मुहूर्त होने के कारण सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। वहीं किसानों ने शीतला मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की। दोना में धान बीज एवं महुआ फूल को भगवान के चरणों में अर्पित करते हुए अच्छी फसल होने की कामना की।



### बैगा ने दिया किसानों को दोनाभर धान

गांव के बैगा द्वारा सभी को एक-एक दोना धान देकर विदा किया गया। किसान उस धान से ही बोआई की शुरूआत की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, गंगाधर, प्रीतम पटेल, मुरलीधर ध्रुव, हुसनलाल निर्मलकर, बृजलाल ध्रुव, रोहित कुमार पटेल, दिनेश दुबे, हेमलाल ध्रुव आदि मौजूद रहे।



### खेत व घर में हुई पारंपरिक पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में अक्षय तृतीया का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। यह किसानों का पहला त्योहार है। सुबह से ही किसान गांव में स्थित इष्ट देवी-देवताओं, ठाकुर देव में चना, महुआ, धान का भोग लगाकर सुख समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। बाद खेतों में मुट्ठी भर धान का छिड़काव किया। सर्वप्रथम ग्राम के कुल देवता ठाकुर देव में दोना पत्तल में धान, महुआ, चना चढ़ाकर अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल की कामना की गई। इसके बाद गांव के अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। बाद अपने खेतों में धान का छिड़काव कर किसानों ने खेती की शुरुआत की।

# सरकार में आने का बाद भाजपा भूली वादा कर्मियों का नियमिती करण करे





हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

छत्तीसगढ़ राज्य में समस्त विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी, जिसमें दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, दैनिक श्रमिक, संविदा, प्लेसमेंट, ठेका, कलेक्टर दर आदि के लाखों कर्मचारी निरंतर अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। दो-तीन महीना अनिश्चितकालीन हड़ताल कर चुके हैं।

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक एवं छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष रामकुमार सिन्हा ने बताया कि जब दोनों पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए सत्तासीन सरकार का पुरजोर विरोध किया और हमारी पार्टी सत्ता में आने पर नियमितिकरण का वादा किया था। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत नियमितीकरण का वादा किया गया, भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी व वर्तमान में पदस्थ मंत्रियों के सांथ घंटों चर्चा बैठक होने के बाद भी आज सत्तासीन होने के बाद सभी मांगों को दरकिनार कर दिया गया, जो अनियमित, दैनिक वेतन भोगी, दैनिक श्रमिक, संविदा, स्कूल सफाई कर्मचारियों के हित में नही है।

### 100 दिन का वादा, सवा दो साल भी कुछ नहीं

हाईकोर्ट के साफ टिप्पणी के बाद नई उम्मीद जागी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि सरकार संवैधानिक नियोक्ता है और गरीब कर्मचारियों के दम पर अपना बजट संतुलित नहीं कर सकती। जो लोग बुनियादी और महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को संभाल रहे हैं, उनके हित में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर चार महीने के भीतर निर्णय लेने के कठोर निर्देश जारी किए गए हैं। किंतु सरकार की बेरूखी हाईकोर्ट के फैसले को मानने के लिए तैयार नही है। जिसके कारण पूरे छत्तीसगढ़ में दैनिक वेतनभोगी व अनियमित कर्मचारियो आक्रोश व्याप्त है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के अनियमित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी पर उतर आई है। पूरे छत्तीसगढ़ में 33630 दैनिक वेतनभोगी कार्यरत है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा भाजपा ने किया था। अब वह अपना वादा भूल गई है।

# जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का किया गया सफल आपरेशन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में डा. अनिल कुमार गोरियार जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के मार्गदर्शन एवं नीलू घृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले के समस्त विकासखंडों को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखंड 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा।

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग द्वारा महासमुंद जिले को वर्ष 2025-26 में 5000 मोतियाबिंद आपरेशन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरूद्ध जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का सफल आपरेशन किया गया है। जिले के शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल में पदस्थ नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. राजेश कुमार साहू 470, डा. मंजूषा चंद्रसेन 536, डा. अनिल कुमार गोरियार 255, डा. ऋतु बजाज 275, डा. नेहा सिंह 44 मोतियाबिंद आपरेशन किया गया है। जिले में शासकीय अस्पताल, अनुबंधित अस्पताल एवं निजी अस्पताल मिलाकर कुल 5450 मोतियाबिंद आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। यह जिले की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके तहत जिले के समस्त विकासखंडों को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखंड 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा। अवधेश कुमार यादव सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जिले के समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारियों से समन्वय करेंगे।

जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी ग्रामवार अपने क्षेत्र के चिन्हांकित मोतियाबिंद रोगियों एवं मोतियाबिंद आपरेशन की सूची संधारित कर रखेंगे, जिसे अंतिम सूची माना जाएगा। जिसके आधार पर ग्रामवार मोतियाबिंद दृष्टिहीनता रहित ग्राम घोषित किया जाएगा। ग्रामवार समीक्षा कर जिस गांव के सभी मोतियाबिंद दृष्टिहीन रोगियों का आपरेशन पुरा हो गया है। उस गांव के सरपंच, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा संलग्न प्रारूप के आनुसार मोतियाबिंद दृष्टिहीन रहित ग्राम घोषित किया जाएगा। ग्राम की सूची का सेक्शनवार फिर सेक्टर वार चिन्हित करते हुए पूरे विकासखंड के समस्त सेक्टर के मोतियाबिंद दृष्टिहीनता रहित हो जाने पर तहसीलदार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा संलग्न प्रारूप के अनुसार मोतियाबिंद दृष्टिहीनता रहित विकासखंड घोषित किया जावेगा। यह कार्यक्रम 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इसकी सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा राज्य कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित किया जावेगा। ग्राम, सेक्शन, सेक्टर एवं विकासखंड को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त घोषित किया जाएगा। मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त होने की पुष्टि अन्य जिले की टीम द्वारा कराई जायेगी।

**एयरपोर्ट पर विमानों के पार्किंग शुल्क में कटौती**

# एयर टिकट के दामों में अनावश्यक बढ़ोतरी से मिलेगी राहत

- रायपुर में प्रतिदिन औसतन 30 फ्लाइट के अलावा छोटे एयरक्रॉफ्ट, हेलीकाप्टर की लैंडिंग भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- पहले देना पड़ता था 60 हजार लैंडिंग शुल्क, अगले तीन माह 40 हजार तय हुआ किराया

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट समेत देशभर के विमानतलों पर आवाजाही करने वाले विमानों के पार्किंग शुल्क में कटौती की गई है। अगले तीन माह तक की गई इस कटौती से एयर टिकट में होने वाली अनावश्यक बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जा सकेगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। रायपुर एयरपोर्ट पर पहले लैंडिंग के लिए नियमित फ्लाइट को 60 से 65 हजार रुपए देने पड़ते थे, जिसे घटाकर 40 हजार किया गया है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रोजाना नियमित रूप से 30 फ्लाइट लैंड और टेकऑफ होती हैं। विमानों को अपनी आवाजाही के दौरान एयरपोर्ट प्रबंधन को प्रति उड़ान पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। छोटी और बड़ी फ्लाइट के हिसाब से इसका शुल्क निर्धारित है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव की वजह से ईंधन के दामों होने वाली बढ़ोतरी के भार से यात्रियों को अलग रखने के लिए विमानन कंपनियों को राहत देने यह फैसला लिया है। इसका फायदा रायपुर एयरपोर्ट में आने वाली फ्लाइट (विमानन कंपनियों) को भी मिलेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जून महीने तक यह छूट दी गई है, जिसका लाभ नियमित फ्लाइट के अलावा आने वाले हेलीकाप्टरों तथा अन्य छोटे एयरक्रॉफ्ट को भी मिलेगा। वर्तमान में रायपुर एयरपोर्ट पर सर्वाधिक आवाजाही डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस कंपनी की होगी। इंडिगो के अलावा यहां से एयर इंडिया और अलायंस एयर की फ्लाइट भी आवाजाही करती हैं।

### पार्किंग शुल्क के हो चुके लगभग सात करोड़

विमानतल पर पार्किंग के लिए विमानन कंपनियों को शुल्क देना होता है। यह उन एयरक्रॉफ्ट पर भी लागू होता है, जो डायवर्ट होकर अथवा आपात लैंडिंग कर किसी एयरपोर्ट पर उतरते हैं। ऐसे ही इमरजेंसी लैंडिंग करने वाली बांग्लादेशी फ्लाइट के खड़े-खड़े दस साल से ज्यादा वक्त हो गया है।

# अक्षय तृतीया पर मारवाड़ी युवा मंच की अनूठी पहल, अमृतधारा के तहत बांटे 151 मटके

**सरायपाली।** अक्षय तृतीया पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मानवता की सेवा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। मंच के अमृतधारा अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और दुकानों पर 151 शीतल जल पात्र (मटके) का निःशुल्क वितरण किया गया।



सेवा का यह कार्य नगर की अधिष्ठात्री देवी मां घंतेश्वरी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात यह अभियान मुख्य बाजार से होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में पहुँचा, जहाँ राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए मटकों की व्यवस्था की गई। मंच के सदस्यों ने बताया कि केवल मटका ही नहीं, बल्कि उसके साथ लोहे का स्टैंड और पानी निकालने के लिए जग भी निःशुल्क प्रदान किया गया है। अभियान की खास बात यह रही कि दुकानदारों को मटके में पानी भरकर सौंपे गए, ताकि तुरंत ही लोगों को ठंडा और स्वच्छ जल मिलना शुरू हो जाए। नगर के बस स्टैंड, पुलिस थाना और मुख्य बाजार की ऐसी दुकानें जहां राहगीरों का आना-जाना अधिक है और पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं थी, वहां प्राथमिकता के साथ ये मटके लगाए गए। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि अक्षय तृतीया पर किया गया दान अक्षय फल देता है। इस भीषण गर्मी में राहगीरों, ग्राहकों और आम जन को ठंडा पानी मिले, यही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इस सेवा कार्य की नगरवासियों द्वारा खूब सराहना की जा रही है।

### भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर शरबत वितरण

**सरायपाली।** भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर नगर में धार्मिक आस्था और सेवा भावना का विशेष माहौल देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ गौण ब्राह्मण नवयुवक संघ द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रकटोत्सव मनाया गया। इस दौरान लोगों को शरबत एवं मीठा प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को हनुमान राम-जानकी मंदिर परिसर के सामने गौण ब्राह्मण नवयुवक संघ द्वारा एक स्टाल लगाया गया। जहां राहगीरों और श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडा शरबत और बूंदी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा। इसके अलावा शाम के समय गीता भवन में भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय शर्मा, उमेश शर्मा, बजरंग शर्मा, दिलीप शर्मा, दीपक शर्मा, मोहन शर्मा, कुशांक शर्मा, सुनील शर्मा, तरुण शर्मा, हनी शर्मा, हरिकिशन शर्मा, अशोक शर्मा, अनुज शर्मा, अमित शर्मा, कैलाश शर्मा, जीतू शर्मा, श्याम शर्मा सहित अनेक सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






### कोमाखान में दलहन-तिलहन खरीदी का शुभारंभ

**नर्रा।** कृषक सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 1093 कोमाखान में पीएम आशा योजनांतर्गत समिति में दलहन एवं तिलहन खरीदी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि दुबे लाल साहू प्रदेश संयोजक कृषि अभियांत्रिकी सिंचाई प्रकल्प उपस्थित रहे। वही विशेष अतिथि नितिन जैन भाजपा मंडल अक्ष्यक्ष कोमाखान, पंकज जैन युवा मोर्चा जिला मंत्री कोमाखान, भीमा साहू युवा मोर्चा अक्ष्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान रहे। इस दौरान जीपी शरणागत वरिष्ठ कृषि अधिकारी बागबाहरा, एचएल नेताम कृषि विस्तार अधिकारी, कृष्णा साहू कृषि विस्तार अधिकारी, रुपेश कुमार सिन्हा समिति प्रबंधक कोमाखान, महेंद्र पांडे ऑपरेटर, प्रमोद विश्वकर्मा, दिनेश यादव, अनिल सिन्हा व कृषक चंद्रहास साहू मौजूद रहे।



### शोभायात्रा का विहिप ने किया स्वागत

**महासमुंद।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज महासमुंद द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका विश्व हिंदू परिषद द्वारा नेहरु चौक में पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट का स्वागत कर शीतल पेयजल वितरण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकार, जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी मोहंती, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, आनंद साहू, सुमन सेंद्रे, कान्हा प्रधान, शिवराज चंद्राकर, राहुल गुप्ता, गुरु बच्चन सिंह इच्छाप्राणी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अधेड़ 4 दिनों से लापता

**नर्रा।** ग्राम खट्टी निवासी लखन लाल साहू (48 वर्ष) के बिना बताए घर से लापता होने की खबर है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार वे बीते 17 अप्रैल शुक्रवार को बिना बताए घर से निकल गए। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने कोमाखान थाने में गुमशुदगी के रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मॉक एक्सरसाइज का कार्यक्रम निरस्त

**महासमुंद।** राज्य औद्योगिक आपदाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 21 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा 23 अप्रैल को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से उक्त टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा मॉक एक्सरसाइज का कार्यक्रम राज्य शासन द्वारा निरस्त किया गया है।

### गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को महादेव घाट रायपुर में आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव अत्यंत भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रातः 10 भव्य शोभायात्रा के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के आयोजन का शुभारंभ होगा। इस पावन अवसर पर आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर व्याख्यान, उनकी आध्यात्मिक चेतना और लोक कल्याणकारी कार्यों पर विद्वतजनों द्वारा सारगर्भित प्रसंग, समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन और वैचारिक आदान-प्रदान, प्रदेशभर से पुजारियों का सम्मान एवं समाज की प्रतिभाओं को प्रतिभा-सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम में महंत चिंतामणि गिरि, संस्थापक द्वय रमन गिरि एवं ओंकार पुरी भगवताचार्य सुरेंद्र गिरि, संरक्षकद्वय उमेश भारती एवं अशोक गिरि होंगे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह को अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। जिले से जिलाध्यक्ष तोषण गिरि, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के पुजारी व सामाजिकजन महादेव घाट में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव ओमप्रकाश पुरी ने दी।

**आयोजन : मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रीति-रिवाज से कराया गया विवाह**

# तेंदूकोना में 6 जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा





अक्षय तृतीया पर रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एकीकृत बाल विकास परियोजना बागबाहरा, सर्व समाज तेंदूकोना व भागवताचार्य पंडित भागीरथी दुबे के नेतृत्व में छः जोड़ों का आदर्श विवाह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित मां संतोषी मंदिर में पूजा अर्चना कर किया गया।

बाद आतिशबाजी कर बारात निकाली गई, जो ग्राम के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए विवाह स्थल अग्रसेन धर्मशाला पहुंची। जहां पूरे रीति-रिवाज के साथ विवाह कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता शैलेंद्र तिवारी बागबाहरा थे। अध्यक्षता अधिवक्ता बजरंग अग्रवाल पिथौरा ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य धनंजय साहू, महिला बाल विकास समिति से मालिनी बरिहा, तेंदूकोना ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, नर्मदा प्रसाद दुबे आदि उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि शैलेंद्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में पारंपरिक रीति-रिवाज से दाम्पत्य सूत्र में बंधे छः नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। बजरंग अग्रवाल ने आदर्श विवाह जैसे सराहनीय कार्य के लिए ग्राम विकास समिति की प्रशंसा की।

धनंजय साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना राज्य सरकार की एक महत्त्वपूर्ण आदर्श पहल है, जो समाज को संगठित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जरूरतमंद वर्गों को सहायता प्रदान कर उनकी जिम्मेदारी को कम कर रही है। कार्यक्रम को महिला बाल विकास समिति बागबाहरा से मालिनी बरिहा ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन तेंदूकोना ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में सभी परिणय सूत्र में बंधे नवविवाहित जोड़ों को ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया बागबाहरा द्वारा पौधे भेंट किया गया।

इस दौरान अंकुश शर्मा, कैलाश अग्रवाल, गिरीश दुबे, सुरेंद्र दुबे बिहाझर, अनिल द्विवेदी, खान, राजेश्वर झलप, कैलाश दुबे लमकेनी, आकाश मिश्रा पिथौरा, प्रदीप साहू, गौरव सिन्हा, रितेश साहू, मोहन दुबे धामनतोरी, उमेश दुबे, देवेंद्र बैरागी, मीना दीक्षित, निर्मला शर्मा, मंदाकिनी दुबे, अंजना दीक्षित, मंजू अग्रवाल, खिलेश्वरी साहू पूर्व जनपद सदस्य, भारती साहू पूर्व जनपद सदस्य, गौशाला अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, बसंत दुबे घोष, तेजन साहू, मुकेश साहू, बजरंग निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

#### इनका हुआ आदर्श विवाह

धूमेश्वर साहू-चेतना साहू, जानम धीवर-गिरिजा धीवर, बुद्धदेव सागर-ठगेश्वरी सोनवानी, भोलाराम बरिहा-दिलेश्वरी बरिहा, ईश्वर कमार-कुलेश्वरी कमार, कौशल सेन-हिमेश्वरी सेन शामिल हैं।

## उपकार केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ



**महासमुंद।** अन्तर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में सिवनी मध्यप्रदेश से पधारी ब्रम्हा कुमारी आस्था दीदी द्वारा जीवन को खुशियों से भरपूर करने वाला आध्यात्मिक कार्यक्रम (खुशियों के पांच दिन) का प्रथम दिवस रहा। इस भीषण गर्मी को देखते हुए 20 से 24 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम को प्रात: 7 से 8 बजे रखा गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

## शहर में नपाध्यक्ष ने किया शोभायात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शास्त्र और शस्त्र के ज्ञाता, न्याय के प्रतीक भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर रविवार को स्थानीय ब्राम्हण समाज द्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा का नेहरू चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों व वरिष्ठजनों के साथ स्वागत किया। साहू ने भगवान परशुराम की पूजा कर नगर की खुशहाली व समाज में सद्भावना की कामना की।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अधर्म के विरुद्ध खड़े होने और ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान परशुराम का आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। पश्चात नपाध्यक्ष द्वारा नेहरू चौक में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभापति गण गुलशन कुमार साहू, ज्योति रिन्कु चंद्राकर, जय कुमार देवांगन, पार्षद गण मुस्ताक खान (विक्की), धनेंद्र विक्की चंद्राकर, शुभ्रा मनीष शर्मा, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, सीता तोंडेकर, वरिष्ठजन भरत ठाकुर, गोविंद साहू, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, राजा सोनी आदि उपस्थित रहे।

## अक्ती तिहार एवं रासायनिक उर्वरकों के विकल्प पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांपा एवं कृषि विज्ञानं केंद्र महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में अक्ती तिहार एवं रासायनिक उर्वरकों के विकल्प पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम सोनी प्रांत सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की। उपरांत कुबेर गिरी गोस्वामी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ द्वारा अक्ती के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। डा अनुराग तोमर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांपा द्वारा विस्तृत रूप से खाद एवं उर्वरकों के बारे में जानकारी देते हुएए रसायनिक उर्वरकों के विकल्प के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा जैव उर्वरकों, नील हरित काई, केंचुआ खाद आदि विकल्पों के बारे में कृषक एवं कृषक महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्हें जल संरक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया। वैज्ञानिकों के द्वारा जानकारी दी गई कि रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर ढेंचा, सनई एवं नील हरित काई का उपयोग किया जा सकता है। हेमलता राजपूत अध्यक्ष सृजन कल्याण समाज सेवी संस्थान द्वारा कृषक हित में उनकी सस्था द्वारा कार्यों के बारे में बताया गया। उनके द्वारा संचालित बीज बैंक में मौजूद किस्मों की जानकारी दी गई। उपरांत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा अपने अपने विषय से संबंधित व्याख्यान दिया गया। अंत में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा के माध्यम से कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में लगभग 45 कृषक, कृषक महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।





### नयापारा कला में मना अक्षय तृतीया का पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर गुड्डा-गुड़िया का धूमधाम से विवाह रचाया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच शशि दीवान, गंगाराम दीवान, संतलाल साहू, घनश्याम पटेल, भागीरती दीवान, चैन लाल पटेल, मिथलेश साहू, पंचराम ध्रुव, शत्रुघ्न ध्रुव, सुनील ध्रुव, श्याम बाई ध्रुव, रतनी ध्रुव, सोनिया बाई ध्रुव, हितेश्वरी बाई ध्रुव, कुमारी बाई ध्रुव, रामहीन बाई ध्रुव, निशा कुमारी ध्रुव, संजू, नूतिन ध्रुव, मंजू ध्रुव, तोषिका ध्रुव, माही ध्रुव, तानिया ध्रुव, किरण ध्रुव, मनीष ध्रुव, देवनाथ ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## 8वां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनजागरुकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन जारी

*कार्यक्रम में गर्भवती व धात्री माताओं एवं 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण तथा स्वस्थ जीवनशैली की दी जा रही जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 8वें पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा 9 से 23 अप्रैल 2026 तक विभिन्न जनजागरुकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।जिला आयुष अधिकारी डॉ.मुक्ता बारिहा ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य विषय जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं छोटे बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आयुष विभाग द्वारा विभिन्न आयुष संस्थानों एवं चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें सुवर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम, गर्भिणी परिचर्या जागरूकता कार्यक्रम, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य परामर्श, पोषण एवं जीवनशैली पर स्वास्थ्य शिक्षा, योग एवं प्राणायाम प्रशिक्षण, आयुर्वेदिक आहार एवं दिनचर्या पर मार्गदर्शन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक, आयुर्वेदिक औषधालय, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा संस्थानों में किया जा रहा है। कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के माता-पिता को पोषण, आयुष चिकित्सा पद्धतियों एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. बारिहा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना, कुपोषण को कम करना तथा बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। जिला आयुष विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम आयुष संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ प्राप्त करें एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

# महिला आरक्षण के नाम पर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही भाजपा : विनोद

## मौजूदा संसदीय संरचना में ही महिला आरक्षण लागू करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। भाजपा की मंशा महिलाओं को अधिकार देने के बजाय परिसिमन कर राजनीतिक लाभ लेने का था। जिसे कांग्रेस व सहयोगी दलों ने विफल कर दिया। यह लोकतंत्र की जीत है। भाजपा ने अपने स्वार्थ के लिए महिला आरक्षण के साथ परिसिमन को जोड़ा था।

चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन राष्ट्रहित से अधिक चुनावी लाभ का भाषण था। वर्ष 2023 में संसद से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को परिसीमन से क्यों जोड़ा गया? भाजपा चाहती थी कि महिला आरक्षण के समर्थन के नाम पर विपक्ष बिल पारित करे और बाद में 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन लागू कर राजनीतिक समीकरण अपने पक्ष में बदले जाएं।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि लोकसभा में बिल पास नहीं होने पर भाजपा इसे मुद्दा बनाने का आडंबर कर रही है। भाजपा को पता होना चाहिए कि देश में महिलाओं को मताधिकार से लेकर कई संवैधानिक अधिकार कांग्रेस शासनकाल में ही मिले हैं। अमेरिका में महिलाओं को स्वतंत्रता के 144 वर्ष बाद मतदान का अधिकार मिला, जबकि भारत में आजादी के साथ ही पहले आम चुनाव से महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त था। उन्होंने पूछा कि जब 2023 में सर्वसम्मति से महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका था, तो फिर नए विधेयक की आवश्यकता क्यों पड़ी। यदि भाजपा वास्तविक में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए और इसे 2029 तक लागू किया जाए। सरकार का असली एजेंडा महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि 'परिसीमन' की राजनीति करना था, जिसके कारण यह कानून केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी वर्ग की महिलाओं को अलग प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए तथा जनगणना और परिसीमन के नाम पर आरक्षण को टालने की राजनीति बंद हो। यदि केंद्र सरकार की नीयत साफ है, तो वह मौजूदा संसदीय संरचना में ही महिला आरक्षण लागू करने का विधेयक लाए, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी।

### जिले में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप शिविर 30 तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए जिले में व्यापक स्तर पर मोबाइल कैंप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 16 मार्च 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक लगातार संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत विकासखंडवार विभिन्न नगरीय निकायों, वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं। ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों तक सुविधा पहुंचाई जा सके। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इसी क्रम में इस सप्ताह आज विकासखंड पिथौरा के ग्राम अमलीडीह तथा विकासखंड बसना के ग्राम गौरटेक में शिविर आयोजित किया गया। इसी तरह 21 अप्रैल को नगर पालिका बागबाहरा के सुभाषचंद्र बोस वार्ड और विकासखंड सरायपाली के ग्राम बानीगिरोला में शिविर लगाए जाएंगे। 22 अप्रैल को विकासखंड महासमुंद के ग्राम धनसुली तथा विकासखंड पिथौरा के ग्राम ठाकुरदियाखुर्द में, 23 अप्रैल को विकासखंड बसना के ग्राम कुरचुंडी और नगर पालिका बागबाहरा के राजीव गांधी वार्ड में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 24 अप्रैल को विकासखंड सरायपाली के ग्राम लांती में मोबाइल कैंप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा।



### बच्चों ने धूमधाम के साथ गुड्डा-गुडिया की रचाई शादी


**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में अक्षय तृतीया पर्व को बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चों ने एक दिन पहले ही गुड्डा-गुड़यिा की शादी की तैयारियां की थी। घरों में बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडप सजाया। विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़यिों की शादी रचाई। बच्चों ने विवाह की रस्मों को पूरा किया। एक दिन पहले ही चूलमाटी, मायन व तेल-हल्दी की रस्म पूरी की गई। एक-दूसरे के ऊपर हल्दी लगाकर शादी गीत में झूमते नजर आए। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बारात पहुंची और विवाह की रस्म पूरी की गई। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन व मोहल्लेवासी भी पहुंचे और गुड्डे-गुड़यिा को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकावन भेंट किया। वहीं अपनी प्यारी गुडि़यां को विदा किया गया। शाम को दर्शकों को लड्डू, खीर पूड़ी वितरित किया गया। इस दौरान भूमिका साहू, पीहू, पीयूष, ओमी, रिद्धि, सिद्धि यादव, चारवी यादव, तुशांत साहू, मानसी का अहम योगदान रहा।

## जय बाबा बालकनाथ मंदिर में उमड़े भक्त, लगा आम भंडारा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी नदी मोड़ पुराना रोड़ स्थित जय बाबे दी मंदिर में 19 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय वार्षिक भंडारा का आयोजन हुआ। प्रातः 4 बजे जय सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर में पूजा अर्चना व महायज्ञ की गई। इसके बाद मंदिर में झंडे चढ़ाने की रस्म अदा की गई। हवन का कार्यक्रम लगातार जारी रहा। सिद्ध बाबा बालकनाथ के दरबार पर वार्षिक भंडारे का आयोजन सुबह 5 बजे बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक किया गया। कार्यक्रम स्थल में महिला मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन, सत्संग व प्रवचन कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें आसपास के गांव व स्थानीय श्रद्धालु अधिक संख्या में बाबा बालकनाथ की पूजा अर्चना कर बाबा के जयकारे लगाए। बाबा के मंदिर को फूलों से सजाया गया। भजन कीर्तन बाबा की गुणगान से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर परिसर पर सुबह से ही अटूट भंडारे का आयोजन का सिलसिला चलता रहा। भंडारे में हजारों



श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद
मान. सचिन पायलट जी
प्रभारी, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी
मान. फिरोज मेमन
को उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एवं
मान. सोहेल मेमन
को उपाध्यक्ष जिला युवक
कांग्रेस बनाएं जाने की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. फिरोज मेमन जी
उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद
मान. सोहेल मेमन जी
उपाध्यक्ष, जिला युवक कांग्रेस
-विनीत-
ब्लॉक अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी-बागबाहरा
ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी-बागबाहरा
ब्लॉक अध्यक्ष कोमाखान कांग्रेस कमेटी
ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा कांग्रेस कमेटी